जवाहर नवोदय विद्यालय (2021)

प्रवेश परीक्षा कक्षा-9 (प्रश्न-पत्र)

भाग-I : हिन्दी

निर्देश (प्र.सं. 1-10) : *प्रत्येक प्रश्न के लिए चार संभावित उत्तर विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही उत्तर चुनिये*

1. जिस वाक्य में साधारण अथवा मिश्र वाक्यों का मेल रहता है, उस वाक्य को क्या कहते हैं?
   (a) संयुक्त वाक्य (b) विशेष वाक्य
   (c) मिश्र वाक्य (d) साधारण वाक्य
2. किस विकल्प में दोनों शब्द 'सूर्य' के पर्यायवाची हैं?
   (a) दिनकर, दिवाचर (b) दिनकर, दिवाकर
   (c) दिनचर, अंशुमाली (d) भानु, दिनचर
3. शुद्ध रूप छाँटिए :
   (a) आर्शीवाद (b) आशिर्वाद
   (c) आशीर्वाद (d) आर्शिवाद
4. 'शाश्वत' का विलोमार्थी शब्द कौन-सा है?
   (a) अमर (b) अनश्वर
   (c) नश्वर (d) ईश्वर
5. 'गंगा' शब्द ..... संज्ञा है।
   (a) व्यक्तिवाचक (b) भाववाचक
   (c) जातिवाचक (d) पदार्थवाचक
6. कोरोना संकट के दिनों में मास्क लगाकर बाहर निकलने का आग्रह करते हुए आप किस लोकोक्ति का प्रयोग करेंगे?
   (a) जान हथेली पर है
   (b) जान है तो जहान है
   (c) नाक का सवाल है
   (d) जान के लाले पड़ना
7. 'मात्रा या वजन' बताने वाले विशेषणों को क्या कहते हैं?
   (a) संख्यावाचक (b) गुणवाचक
   (c) सार्वनामिक (d) परिमाणवाचक
8. 'ढ' वर्ण का उच्चारण स्थान है
   (a) मूर्धन्य (b) दन्त्य
   (c) ओष्ठ्य (d) कंठ्य
9. 'घोड़ा' का बहुवचन है
   (a) घोड़ों (b) घोड़े
   (c) घोड़न (d) घोड़ा
10. महादेवन तो सदा <u>स्वार्थ पूरा करना</u> चाहता है। वाक्य के रेखांकित कथन के स्थान पर दिए हुए मुहावरों में से किसका प्रयोग ठीक रहेगा?
    (a) अपना उल्लू सीधा करना
    (b) दोनों हाथों में लड्डू होना
    (c) पाँचों अंगुलियाँ घी में
    (d) ती में न तेरह में

निर्देश (प्र.सं. 11-15) : *निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।*

जब कोई रोग बहुत ही कम समय में किसी व्यापक क्षेत्र में फैलकर बहुत-सी मौतों का कारण बन जाता है तो उसे महामारी कहा जाता है। अचानक ही फैल जाने के कारण इसके निदान, चिकित्सा आदि के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं होती। इसलिए नियंत्रण में कठिनाई आती है। आजकल कोविड-19 नामक रोग ऐसी महामारी बन चुका है जो सारे विश्व में फैल गया है। अपने देश में इससे पहले भी प्लेग, हैजा, फ्लू, चेचक जैसे रोग महामारी के रूप में फैले किंतु अनका फैलाव इतना नहीं था और उन पर नियंत्रण पा लिया गया। कोविड के लिए टीका और दवाओं के परीक्षण हो रहे हैं। आशा है कि शीघ्र ही ये उपलब्ध हो सकेंगे। तब तक हमें अपनी रक्षा के लिए स्वयं सावधानियाँ बरतनी होंगी।

11. लेखक महामारी कोविड-19 पर नियंत्रण पा लेने के बारे में आशावान है, क्योंकि
    (a) कोई रोग अधिक दिन तक नहीं टिकता।
    (b) वह टीके और दवाओं के शोध से जुड़ा है।
    (c) टीके और दवाओं पर परीक्षण हो रहे हैं।
    (d) लोग स्वंय स्वच्छता बरत रहे हैं।
12. 'विस्तार' के लिए अनुच्छेद में प्रयुक्त शब्द है
    (a) असीमित (b) फैलाव
    (c) उपलब्ध (d) पर्याप्त

Scanned with OKEN Scanner

13. किस शब्द का निर्माण किसी उपसर्ग से **नहीं** हुआ है?
(a) परीक्षण (b) फैलाव
(c) नियंत्रण (d) निदान

14. महामारी उस रोग को कहा जाता है जो
(a) महान लोगों को मारे
(b) वृद्धों की मौत का कारण बने
(c) अचानक व्यापक क्षेत्र में फैलकर मौतों का कारण बने
(d) डॉक्टरों को समझ में न आए

15. भारत में यह महामारी कभी नहीं फैली
(a) प्लेग (b) हैजा
(c) चेचक (d) निमोनिया

भाग-II : ENGLISH

DIRECTIONS (Qs. 16-19) : *Choosing the most appropriate option to complete the paragraph by filling in the blanks :*

The Dodo bird was last seen in 1660 .....(16)..... which it was never to be seen. There are different stories about the extinction of this species. Some people say that the Dutch sailors first .....(17)..... the Dodo bird and mercilessly killed it to eat its meat .....(18)..... others say that the rats and other animals ....(19)..... came on board the Dutch ships spread themselves across the island and ate up the Dodo eggs for food.

16. (a) soon (b) after
(c) later (d) before

17. (a) see (b) seen
(c) saw (d) seeing

18. (a) but (b) and
(c) as (d) because

19. (a) who (b) when
(c) while (d) which

20. Read the sentence given below and choose the option which correctly changes it into Passive Voice.
Can Anil lose his book?
(a) His book can be lost by Anil.
(b) Can his book be lost by Anil?
(c) Could his book be lost by Anil?
(d) His book could be lost by Anil.

21. The word which is opposite in meaning to 'suspicious' is _____.
(a) wary (b) doubtful
(c) incredible (d) gullible

22. Choose the word similar in meaning to the underlined words.
At first they lopped off all the branches.
(a) cut (b) caught
(c) extended (d) grew

DIRECTIONS (Qs. 23-25) : *Answer these questions by choosing the most appropriate options to fill in the blanks.*

23. On our way back home we stopped at the mini mart to pick up _____ fruit.
(a) a little (b) a few
(c) some (d) much

24. Mumbai and Delhi are two of the _____ airports in India.
(a) busier (b) busiest
(c) busy (d) more busy

25. Till today, neither of the two brothers _____ this race.
(a) have run (b) has run
(c) will run (d) would run

26. Give one word substitute for the following expression :
'One who cannot be defeated'
(a) Invincible (b) Undefeated
(c) Patient (d) Determined

DIRECTIONS (Q. 27) : *Select the alternative which best express the following sentence in indirect speech.*

27. Surbhi said to Anu, "My mother is not well so I won't be
able to come for the dance practice today."
(a) Surbhi told Anu that her mother was not well and so she would not be able to go for dance practice that day.
(b) Surbhi told to Anu her mother was not well so she will not be able to come for dance practice the next day.
(c) Surbhi says to Anu that her mother is not well so she will not be able to go for dance practice that day.
(d) Surbhi said to Anu that my mother is not well so she will not be able to come for dance practice today.

DIRECTIONS (Q. 28-30) : *Read the following passage carefully and answer Questions No. 28-30.*

It was the height of summer and the school Anil was to join had not yet opened. Having as yet made

Scanned with OKEN Scanner

no friends in Dehradun in the foothills, he wandered about a good deal by himself into the hills and forests that stretched away on all sides of the town.

28. What was Anil doing in summer?
(a) Studying (b) Wandering
(c) Travelling (d) Shopping

29. Anil had come to Dehradun to join a
(a) club (b) job
(c) school (d) college

30. Dehradun is situated near the
(a) hills (b) rivers
(c) sea (d) plateau

भाग-III : गणित

निर्देश (प्र.सं. 31-65): *प्रत्येक प्रश्न के लिए चार संभावित उत्तर विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही उत्तर चुनकर उसको ओ.एम.आर. उत्तर पत्रिका पर उपयुक्त स्थान पर दर्शाना है।*

31. 25450 को मानक रूप में अभिव्यक्त करने पर प्राप्त होता है।
(a) 2.545×10^{-4} (b) 2545×10^{1}
(c) 25.45×10^{2} (d) 2.545×10^{4}

32. पृथ्वी, वातावरण से 15 दिनों में 1.2×10^{8} किलोग्राम धूल उठाती है। पृथ्वी 4.8×10^{8} किलोग्राम धूल कितने दिनों में उठाएगी?
(a) 40 (b) 50
(c) 60 (d) 100

33. संख्या x का घन, संख्या x के नौ गुने के बराबर है। x (जहाँ $x \neq 0$ तथा $x \neq -3$) का मान है
(a) 8 (b) 4
(c) 3 (d) 2

34. $[(5^{-1}-6^{-1})^{-1}-(3^{-1}-4^{-1})^{-1}]$ का मान है।
(a) 12 (b) 18
(c) 24 (d) 30

35. एक कैंप जिसमें 80 रहने वाले हैं, के पास 70 दिनों का खाना है। 10 दिनों के बाद कितने रहने वाले चले जाएँ कि शेष खाना 80 दिन और चल जाए?
(a) 25 (b) 24
(c) 20 (d) 16

36. यदि $x=\frac{2}{3}$ तथा $y=\frac{3}{2}$ है, तो $(x+y)\div(x-y)$ का मान होगा।
(a) $\frac{15}{2}$ (b) $-\frac{13}{5}$
(c) $\frac{17}{6}$ (d) $-\frac{11}{6}$

37. 7 के चार क्रमागत गुणजों का योगफल 322 है। इनमें से सबसे छोटा गुणज ज्ञात कीजिए।
(a) 91 (b) 84
(c) 63 (d) 70

38. $15xy(x-3y)-3y(x-3y)$ के गुणनखंडन से प्राप्त होता है।
(a) $3y(x-3y)(x-1)$
(b) $3y(x-3y)(5x-1)$
(c) $y(x-3y)(5x-3)$
(d) $3(x-3y)(5x-3)$

39. $(761)^2-(239)^2=?$
(a) 552 (b) 55200
(c) 522000 (d) 5220

40. यदि किसी संख्या x के दुगुने में 27 जोड़ने के बाद, उसमें 13 और जोड़ दिए जाने पर 60 प्राप्त होता है, तो संख्या x का मान है।
(a) 20 (b) 15
(c) 10 (d) 5

41. विस्तार करने पर व्यंजक $(a+2b-c)^2$ बराबर है।
(a) $a^2+4b^2+c^2-2ab-2bc-ac$
(b) $a^2+4b^2+c^2+4ab+4bc+2ac$
(c) $a^2+4b^2+c^2+4ab-4bc-2ac$
(d) $a^2+4b^2+c^2+4ab-4bc-4ac$

42. एक हॉल, जिसकी विमाएँ 30 मी. × 12 मी. हैं, के फर्श को पूरी तरह ढकने के लिए 3 मी. × 2 मी. विमाओं वाले कितने कालीनों की आवश्यकता होगी?
(a) 30 (b) 60
(c) 90 (d) 125

43. धातु की एक बेलनाकार पाइप की बाह्य त्रिज्या 3 सेमी तथा आंतरिक त्रिज्या 2 सेमी है। यदि पाइप की लंबाई 70 सेमी है, तो सेमी^{3} में पाइप में धातु का आयतन है।
(a) 350π (b) 630π
(c) 280π (d) 910π

Scanned with OKEN Scanner

44. यदि किसी त्रिभुज के आधार तथा ऊँचाई दोनों को दुगुना कर दिया जाए, तो उसका क्षेत्रफल, मूल त्रिभुज का/के _____ होगा।

(a) एक-चौथाई (b) दुगुना
(c) चार गुना (d) समान

45. दो बेलनाकार बर्तनों की त्रिज्याओं में 1 : 3 का अनुपात है तथा उनकी ऊँचाइयों में 1 : 2 का अनुपात है। उनके आयतनों का अनुपात है।

(a) 1 : 3 (b) 1 : 6
(c) 1 : 18 (d) 1 : 36

46. निम्नलिखित परिमेय संख्याओं में से, कौन-सी संख्या सबसे छोटी है?

(a) $\frac{2}{7}$ (b) $\frac{-5}{7}$
(c) $\frac{4}{-7}$ (d) $\frac{3}{7}$

47. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(a) भिन्न परिमेय संख्याएँ होती हैं परन्तु पूर्णांक नहीं होतीं।
(b) भिन्न तथा पूर्णांक दोनों ही परिमेय संख्याएँ होती हैं।
(c) न तो भिन्न और न ही पूर्णांक परिमेय संख्याएँ होती हैं।
(d) पूर्णांक परिमेय संख्याएँ होती हैं परन्तु भिन्न नहीं होतीं।

48. $\frac{21}{24} \times \frac{8}{7}$ बराबर है

(a) 0 (b) 1
(c) 3 (d) $\frac{64}{49}$

49. किसी संख्या (x) में से तीन घटाया जाता है। इस अंतर को 4 से गुणा करने पर गुणनफल 20 आता है। यह समीकरण है

(a) $3-4x=20$ (b) $4(3-x)=20$
(c) $4(x-3)=20$ (d) $x-(3\times 4)=20$

50. एक चतुर्भुज में, तीन कोणों का योगफल इसके चौथे कोण के दुगुने के बराबर है। चौथे कोण की माप है

(a) 60° (b) 120°
(c) 90° (d) 160°

51. रैखिक समीकरण $\frac{2x-3}{4}-\frac{2x-1}{2}=\frac{x-2}{3}$ का हल है

(a) $x=\frac{1}{8}$ (b) $x=\frac{2}{3}$
(c) $x=\frac{1}{2}$ (d) $x=\frac{3}{4}$

52. एक चतुर्भुज $ABCD$ में, यदि $AB=10$ सेमी, $CD=6$ सेमी तथा $\angle A+\angle D=180°$ है, तो $ABCD$ किस प्रकार का चतुर्भुज है?

(a) समांतर चतुर्भुज (b) समलंब
(c) समचतुर्भुज (d) वर्ग

53. एक पासा उछाला गया। 1 से बड़ी विषम संख्या आने की प्रायिकता है

(a) $\frac{5}{6}$ (b) $\frac{1}{2}$ (c) $\frac{2}{3}$ (d) $\frac{1}{3}$

54. एक वाद-विवाद में भाग लेने वाले 15 विद्यार्थियों में से 5 लड़कियाँ हैं जीतने वाले विद्यार्थी के एक लड़के होने की प्रायिकता है

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{3}$ (c) $\frac{2}{3}$ (d) $\frac{3}{5}$

55. 300 व्यक्तियों के एक सर्वे में पाया गया कि 30 व्यक्ति क्रिकेट खेलते हैं। एक वृत्त-चित्र (pie-chart) में, इस वर्ग का त्रिज्यखण्ड कोण कितना होगा?

(a) 20° (b) 36°
(c) 30° (d) 10°

56. दो वर्ग जिनका क्षेत्रफल 16 सेमी^{2} व 36 सेमी^{2} है, को सटा कर रखने पर एक नई आकृति बनती है। इस आकृति का परिमाप है

(a) $2\sqrt{13}$ सेमी (b) 32 सेमी
(c) 40 सेमी (d) 52 सेमी

57. 269 में क्या जोड़ा जाए कि परिणामी संख्या एक पूर्ण वर्ग बन जाए?

(a) 13 (b) 20 (c) 55 (d) 44

58. धातु के तीन ठोस घनों जिनकी भुजाएँ 6 सेमी, 8 सेमी तथा 10 सेमी हैं, को पिघलाकर एक घन बनाया गया है। नए घन की भुजा की लम्बाई है।

(a) 15 सेमी (b) 14 सेमी
(c) 13 सेमी (d) 12 सेमी

59. वह छोटी से छोटी संख्या जिसे 9 तथा 10 के वर्गों के योगफल में जोड़ने या घटाने पर एक पूर्ण वर्ग संख्या प्राप्त हो, है

(a) 1 (b) 15 (c) 5 (d) 12

Scanned with OKEN Scanner

60. $\left[\sqrt{(24)^2+(7)^2}\right]^3$ बराबर है

(a) 25 (b) 625
(c) 15625 (d) 125

61. यदि 5 व्यक्ति एक कार्य को 28 दिनों में पूरा कर सकते हैं, तो उसी कार्य को 7 दिनों में पूरा करने के लिए आवश्यक व्यक्तियों की संख्या है

(a) 15 (b) 30 (c) 20 (d) 35

62. मनु एक प्रेशर कुकर अंकित विक्रय मूल्य के $\left(\frac{9}{10}\right)$वें भाग के मूल्य पर खरीदता है और अंकित विक्रय मूल्य से 8% अधिक पर बेचता है। उसे कितने प्रतिशत का लाभ होगा?

(a) 10% (b) 20% (c) 30% (d) 40%

63. समीर ने एक जोड़ी जूते ₹ 1,344 में खरीदे जिसमें GST भी शामिल है। यदि जूतों का विक्रय मूल्य ₹ 1,200 है, तो GST की दर है

(a) $10\frac{5}{7}\%$ (b) 18%
(c) 6% (d) 12%

64. एक शहर की जनसंख्या पहले 10% बढ़ी और फिर 20% कम हुई जनसंख्या में कुल कमी हुई

(a) 15% (b) 20%
(c) 12% (d) 8%

65. यदि किसी संख्या में 20% की वृद्धि की जाती है और फिर इसमें 20% की कमी की जाती है, तो इसमें शुद्ध वृद्धि/कमी % होगी

(a) कोई परिवर्तन नहीं (b) 4% वृद्धि
(c) 4% कमी (d) 9% कमी

भाग-IV : सामान्य विज्ञान

निर्देश (प्र.सं. 66-100): *प्रत्येक प्रश्न के लिए चार संभावित उत्तर विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही उत्तर चुनकर उसको ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका पर उपयुक्त स्थान पर दर्शाना है।*

66. धातुओं का वह गुण जिसके कारण उन्हें पीटकर पतली शीटों (चादरों) में परिवर्तित किया जा सकता है, कहलाता है

(a) तन्यता (b) भंगुरता
(c) आघातवर्धनीयता (d) चालकता

67. निम्नलिखित में से कौन-सा जीवाश्म ईंधन नहीं है?

(a) कोक (b) पेट्रोल
(c) लकड़ी (d) डीजल

68. रेयॉन को _____ से प्राप्त किया जाता है।

(a) कोयला, जल व तेल (b) काष्ठ-लुगदी
(c) ऐक्रिलिक (d) जानवरों

69. जब किसी ताँबे (कॉपर) के बर्तन को लम्बे समय तक नम वायु में रखा रहने दिया जाता है, तब उसकी सतह पर एक हल्की हरी परत जम जाती है। इस हरी परत का पदार्थ एक मिश्रण होता है जिसमें होते हैं

(a) कॉपर ऑक्साइड और कॉपर सल्फेट
(b) कॉपर कार्बोनेट और कॉपर हाइड्रॉक्साइड)
(c) कॉपर ऑक्साइड और कॉपर कार्बोनेट
(d) कॉपर हाइड्रॉक्साइड और कॉपर सल्फेट

70. भू-पर्पटी में सबसे अधिक प्रचुरता से पाए जाने वाली अधातु है

(a) कार्बन (b) हाइड्रोजन
(c) नाइट्रोजन (d) ऑक्सीजन

71. मृत पौधे धीरे-धीरे _____ पर कोयले में परिवर्तित हो जाते हैं।

(a) निम्न दाब व उच्च ताप
(b) उच्च दाब व निम्न ताप
(c) उच्च दाब व उच्च ताप
(d) निम्न दाब व निम्न ताप

72. _____ के द्वारा किण्वन प्रक्रिया की खोज की गई।

(a) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग (b) एडवर्ड जेनर
(c) लुई पाश्चर (d) रॉबर्ट कॉख

73. कौन-सी एक अधातु विद्युत् चालक है?

(a) ताँबा (b) ब्रोमीन
(c) ग्रेफाइट (d) पारा

74. निम्नलिखित सूक्ष्मजीवों में से कौन-सा प्रोटोज़ोआ है?

(a) अमीबा (b) ऐस्पर्जिलस
(c) स्पाइरोगाइरा (d) पेनिसिलियम

75. निम्नलिखित में से कौन-सा मिट्टी में पुष्टिकर नहीं बढ़ाता है?

(a) परती ज़मीन (b) खाद/उर्वरक
(c) फ़सल का चक्रीकरण (d) जुताई

76. निम्नलिखित में से कौन-सा समूह खरीफ फ़सल का है?

(a) कपास, चना, गेहूँ
(b) चना, मक्का, सरसों
(c) मूंगफली, मटर, गेहूँ
(d) कपास, मक्का, धान

Scanned with OKEN Scanner

77. निम्नलिखित में से जीवाणु द्वारा होने वाले रोगों के समूह को चुनिए:
(a) छोटी माता (छोटी चेचक) और पोलियो
(b) क्षयरोग (TB) और टायफॉइड
(c) खाँसी और इन्फ्लुएंजा (फ्लू)
(d) अतिसार और मलेरिया

78. डौली भेड़ का जन्म 5 जुलाई, 1996 को हुआ और वो पहली स्तनीय प्राणी थी जिसे
(a) पात्रे निषेचन के माध्यम से पैदा किया गया
(b) आन्तरिक निषेचन के माध्यम से पैदा किया गया
(c) बाह्य निषेचन के माध्यम से पैदा किया गया
(d) प्रतिरूपण (क्लोनिंग) के माध्यम से पैदा किया गया

79. निम्नलिखित में से किनमें बाह्य निषेचन अति सामान्य घटना है?
(a) मेंढक, मछली और चूहा
(b) टोड, मछली और बिल्ली
(c) टोड, मेंढक और तारामीन (स्टारफिश)
(d) मुर्गी, मछली और तारामीन (स्टारफिश)

80. घर्षण को _____ के द्वारा बढ़ाया जाता है।
(a) स्नेहन
(b) कैरम बोर्ड पर पाउडर छिड़कने
(c) सतह को समतल बनाने
(d) टायरों पर ऊपरी खुरदरी तला लगाने

81. निम्नलिखित में से कौन-सा मिलान सही है?
(a) ऐड्रिनलीन - वृद्धि हॉर्मोन
(b) इन्सुलिन - स्त्री हॉर्मोन
(c) एस्ट्रोजन - तनाव मुक्तिकारक हॉर्मोन
(d) टेस्टोस्टेरॉन - पुरुष हॉर्मोन

82. कौन-सा एक सम्पर्क बल है?
(a) स्थिर-वैद्युत बल (b) चुंबकीय बल
(c) घर्षण बल (d) गुरुत्वीय बल

83. कौन-सा एक दाब की इकाई नहीं है?
(a) Nm^{-2} (b) पास्कल
(c) Nm^{-1} (d) डाइन से.मी.$^{-2}$

84. यदि हम निम्नलिखित ईंधनों की समान मात्रा का पूर्णत: दहन करें, तो किसके दहन से हमें अधिकतम ऊष्मा प्राप्त होगी?
(a) पेट्रोल
(b) द्रवित पेट्रोलियम गैस (LPG)
(c) डीज़ल
(d) संपीडित प्राकृतिक गैस (CNG)

85. राष्ट्रीय उद्यान पारितन्त्रों के समस्त समूहों की सुरक्षा करते हैं जबकि वन्य-जीव अभयारण्य _____ को सुरक्षा प्रदान करते हैं।
(a) प्राणिजात, वनस्पति-जात व परिदृश्य
(b) वन्य प्राणिजात व वनस्पति-जात
(c) वन्य पशु
(d) वन्य वनस्पति-जात

86. कोशिका के किस अंग को कोशिका का शक्ति-भवन कहते हैं?
(a) लाइसोसोम (b) सूत्रकणिका
(c) राइबोसोम (d) कोशिका भित्ति

87. निम्नलिखित में से कौन-सा ईंधन प्रदूषण-रहित वाहनों के लिए है?
(a) पेट्रोल
(b) डीज़ल
(c) मिट्टी का तेल
(d) संपीडित प्राकृतिक गैस (CNG)

88. निम्नलिखित में से कौन-सा एक पादप कोशिकाओं में तो पाया जाता है परन्तु जन्तु कोशिकाओं में नहीं पाया जाता?
(a) कोशिका भित्ति (b) कोशिका झिल्ली
(c) कोशिकाद्रव्य (d) केन्द्रक

89. निम्नलिखित में से किसकी शक्ति के परिमाण को रिक्टर पैमाने पर व्यक्त किया जाता है?
(a) तड़ित (b) चक्रवात
(c) सुनामी (d) भूकम्प

90. निम्नलिखित में से कौन-सा वायु प्रदूषक पेट्रोल और डीज़ल के अपूर्ण दहन से उत्पन्न होता है और रुधिर की ऑक्सीजन वाहक क्षमता को घटा देता है?
(a) धुआँ (b) कार्बन मोनोक्साइड
(c) कार्बन डाइऑक्साइड (d) नाइट्रोजन ऑक्साइड

91. हमारे सौर मंडल के कौन-से दो ग्रह पूर्व से पश्चिम की ओर घूर्णन करते हैं?
(a) बुध और नेप्ट्यून (b) शुक्र और यूरेनस
(c) मंगल और यूरेनस (d) शुक्र और नेप्ट्यून

92. निम्नलिखित गैसों में से कौन-सी अम्ल वर्षा के लिए जिम्मेवार है?
(a) $O_2(g)$ (b) $CO(g)$
(c) $CO_2(g)$ (d) $SO_2(g), NO_2(g)$

93. सूर्य से दूरी के बढ़ते हुए क्रम में सौर मंडल के पहले तीन आंतरिक ग्रहों का सही क्रम है
(a) पृथ्वी, बुध, शुक्र (b) शुक्र, बुध, पृथ्वी
(c) बुध, शुक्र, पृथ्वी (d) पृथ्वी, शुक्र, बुध

Scanned with OKEN Scanner

94. _____ के द्वारा प्रतिबिंब बनते हैं।
(a) नियमित परावर्तन (b) अनियमित परावर्तन
(c) विसरित परावर्तन (d) परावर्तन

95. ध्वनि की निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन-सी कंपन के आयाम पर निर्भर करती है?
(a) चाल (b) तारत्व
(c) प्रबलता (उच्च स्वरता) (d) गुण

96. निम्नलिखित में से किसमें विद्युत धारा प्रवाहित नहीं होती है?
(a) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का विलयन
(b) ताँबे की तार
(c) ठोस सोडियम क्लोराइड
(d) पिघला हुआ सोडियम क्लोराइड

97. विद्युत धारा उत्पन्न कर सकती है
(a) केवल ऊष्मीय प्रभाव
(b) केवल रासायनिक प्रभाव
(c) केवल चुम्बकीय प्रभाव
(d) ऊष्मीय, रासायनिक व चुम्बकीय प्रभाव

98. एक तारा पृथ्वी से 20 प्रकाश वर्ष दूर है। उसके प्रकाश को तारे से पृथ्वी पर पहुँचने के लिए कितना समय लगेगा?
(a) 60 वर्ष (b) 20 वर्ष
(c) $6\frac{2}{3}$ वर्ष (d) 15 वर्ष

99. यदि आपतित किरण व परावर्तित किरण के बीच कोण 120° है, तो आपतन कोण क्या है?
(a) 60° (b) 90°
(c) 30° (d) 45°

100. किसी धातु की परत दूसरे धातु पर विद्युत् द्वारा जमा (निक्षेपित) करने की प्रक्रिया को कहते हैं।
(a) विद्युत परत (b) विद्युत-लेपन
(c) विद्युत चढ़ाना (d) धातु की परत

Scanned with OKEN Scanner